



## राहगीरों को केरी का पानी वितरित

**बिजयनगर,** (निसं)। लक्ष्मीनारायण मन्दिर परिसर में गुरुवार को बैसाख पुर्णिमाके पावन अवसर पर इस्कॉन के अनुयायियों ने भजन संकीर्तन किया । इस अवसर परलक्ष्मी नारायण मंदिर में विराजित ग्रकुर जी की प्रतिमा को शीतल केरी पानी के प्रसाद भोग लगाकर श्रद्धालुओं एवं राहगीरो शीतल केरी के प्रसाद के वितरण की शुरुआत की गई । इस्कॉन राधा बिजय गोविंद मन्दिर बिजयनगर के तत्वाधान में आयोजित शीतल केरी पानी के वितरण की सेवा मे इस्कॉन के अनुयाई दिगराज प्रभु संजय कुमावत राधे गोपाल खंडेलवाल लादू लाल टेलर आदि शामिल रहे।


**NAME CHANGE**

I, LALI, is Spouse of Army No. JC 676386W, Rank :SUB/MT, Name: HERA LAL KUMAWAT, Residing At jail road vaishali nagar Tonk, Dist-Tonk, State Rajasthan. Pin- 304001 have change my Name from LALI to LALI DEVI vide Affidavit No.BW 247085 Dated 18/05/2024 before Court campas Nasirabad

**नाम परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट नं. S0934260 में मेरी पत्नी का नाम गलती से JABIDA BANO गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पत्नी का सही नाम ABIDA BANO है। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम ABIDA BANO ही दर्ज है।

JAVED RHMAN
निवासी डीडवाना,
जिला - डीडवाना-कुचामन

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के आर्मी नं. 14852660K रैंक-NK नाम- RITESH PATEL है। यह कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम MANSINGH PATEL दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम MANSINGH से जाना जाये।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र के आर्मी नं. 14852660K रैंक-NK नाम- RITESH PATEL है। यह कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम LEELA BAI PATEL दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम LILA BAI से जाना जाये।

**आम सूचना**

मेरे पिता पुखराज चोपड़ा पुत्र कन्हैयालाल जाति जैन निवासी कुसुम विहार, आर के कॉलोनी, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 4 सितम्बर 2020 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी-निर्मल कुमार चोपड़ा पुत्र पुखराज चोपड़ा

**आम सूचना**

मेरे पिता रामचन्द्र पुत्र नारायण जाति गुर्जर निवासी ढाणी पुरोहितान तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 23 अगस्त 2021 को हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवदेन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-गिरधारी पुत्र रामचन्द्र गुर्जर

**आम सूचना**

मेरी माता रानी लखवानी पत्नी स्व श्री अमरलाल लखवानी, मृत्यु दिनांक 05.04.1997 को 2-क-31 भोले शंकर गली, जनता कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर मे हो गई है जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिये तहसीलदार अजमेर के समक्ष आवेदन किया गया है इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई ऐतराज या आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय अजमेर से सम्पर्क करे।

उमेश लखवानी पुत्र स्व. श्री अमरलाल
निवासी- मकान नम्बर 46, ईडब्ल्यू-यू.आई.टी. कॉलोनी,
माकडवाली रोड, अजमेर।


# जागरूक नागरिकों ने लगाए अजमेर जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आज आनासागर संरक्षण संघर्ष समिति के बैनर तले अजमेर शहर के प्रबुद्ध जनों एवं बुद्धिजीवियों ने आनासागर चौपाटी पर मानव श्रृंखला बनाकर मार्च फॉर सेव आनासागर में हिस्सा लिया। इस दौरान जागरूक नागरिकों ने अजमेर जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

आनासागर संरक्षण संघर्ष समिति अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील में सीवरेज का पानी नियमित गिरने, झील में बढ़ती जलकुंभी पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण अजमेर जिला प्रशासन, नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों से नाराज थे और इसके लिए उनकी संवेदन हीनता को ही पूरी तरह उत्तरदायी मान रहे थे। आज शहर वासियों का गुस्सा फूट पड़ा और वे बड़ी संख्या में स्वयं ही आनासागर चौपाटी पर एकत्र हुए और जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे।

आनासागर संरक्षण संघर्ष समिति के आव्हान पर आज प्रात बड़ी संख्या में अजमेर शहर के नागरिक आनासागर चौपाटी पर पहुंचे और हाथों में तख्तियां लिए जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

उल्लेखनीय है कि अजमेर की ऐतिहासिक आना सागर झील पिछले लम्बे समय से जलकुंभी से ग्रस्त है और जिला प्रशासन नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता के कारण आना सागर झील की दुर्दशा हो रही है एवं आनासागर झील में सीवरेज एवं नालों का गंदा पानी आने के कारण जलकुम्भी से निजात नहीं मिल पा रही है। इससे व्यथित शहर वासियों ने आज जिला प्रशासन नगर निगम एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ मोर्चा खोला है। आनासागर झील की दुर्दशा के विरोध में आज विशाल प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की एवं भविष्य में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

■ **आनासागर में जलकुंभी पनपने के विरोध में व्यापारिक महासंघ का प्रदर्शन**

इस अवसर पर ग्रीन आर्मी, अजमेर शहर व्यापार महासंघ, संयुक्त श्रमिक समन्वय समिति, महिला जागृति मंच, रोटरी क्लब, प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन, सेवानिवृत फॉरेस्ट अधिकारी संघ, अटल उद्यान समिति, हरिभाऊ उपाध्याय विस्तार विकास समिति, पंचशील विकास समिति, राजस्थान ब्राह्मण महासभा, सिंधु सत्कार समिति, पूज्य सिन्धी पंचायत पंचशील, अजमेर कायस्थ सभा, श्री दिगंबर जैन महासमिति, राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ, एलआईसी एम्पलाइज एसोसिएशन, दरगाह कमेटी कर्मचारी यूनियन, बैंक एम्पलाइज ऑफिसर्स फेडरेशन, हिन्द मजदूर सभा, सेंट्रल गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन, न्यू पैटर्न प्रोग्रेसिव स्कूल, भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक, लायंस क्लब आस्था, प्रभात क्लब, आनासागर लिंक रोड विकास समिति सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों एव जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

पूर्व जिला प्रमुख सत्य किशोर सक्सेना, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के मोहन चेलानी, सचिव क्लीन स्कूल संस्थान के सुरेश माथुर, अजयमेरू प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र गुंजल ने सभा को संबोधित किया।

गौरतलब है कि असल में भीषण गर्मी में अजमेर में चार पांच दिन में एक बार पेयजल की सप्लाई हो रही है। बिजली कटौती से त्राहि त्राहि मची हुई है। अजमेर के प्राकृतिक सौंदर्य में चार चाँद लगाने वाली आनासागर झील पर जलकुंभी का कब्जा हो गया है। यही वजह है कि यह झील अब हरे घास के मैदान जैसी नजर आती है। पिछले दो-तीन माह से जलकुंभी निकालने का काम हो रहा है। लेकिन नगर निगम और जिला प्रशासन को सफलता नहीं मिली है। सभी ने इस बात पर नाराजगी जताई कि बार बार ध्यान आकर्षित किए जाने के बाद भी प्रशासन ने समस्याओं का समाधान नहीं किया है। महासंघ के संरक्षक भगवान चंदानी राम का कहना रहा कि आनासागर में सीवरेज का गंदा पानी गिर रहा है। इस पानी की वजह से ही जलकुंभी पनप रही है। जब तक गंदा पानी गिरता रहेगा, तब तक जलकुंभी का कब्जा आनासागर पर रहेगा।

व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता ने कहा कि झील को देखने के लिए प्रतिदिन हजारों लोग अजमेर आते हैं। लेकिन पर्यटकों को झील की दुर्दशा देखकर निराशा होती है। लोगों ने जागरूकता लाने का काम व्यापारिक महासंघ ने किया है। गुप्ता ने उम्मीद जताई कि शहर भर के जागरूक नागरिक भी प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रशासन के खिलाफ भीड़ जुटाने में पूर्व पार्षद जेके शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कमल गंगवाल, अमरसिंह राठौड़ आदि की भी सक्रिय भूमिका रही।

## मुट्ठी भर दाना, दो घूंट पानी तभी बचेगी, चिड़िया रानी : भदेल

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल द्वारा आज भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर ''पहल जन सेवा संस्थान'' के सौजन्य से इस भीषण गर्मी को देखते हुए राजासाईकिल स्थित, रेल उद्यान में पक्षियो के दाना-पानी की व्यवस्था के लिए परिन्डे पशु-पक्षी एवं प्रकृति प्रेमियों को वितरण किये गये।

विधायक भदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज का दिन अत्यंत खास है। इस दिन भुगवान बुद्ध का ना केवल जन्म हुआ था बल्कि उन्हें इसी दिन बुद्धत्व की प्राप्ति भी हुई थी। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर ली तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से मनुष्य को ज्ञान, नैतिक चरित्र और एकाग्रता के विकास पर जोर देने को कहा और यह बताया कि इस संसार में दु:खों का एक मात्र कारण तृष्णाएं हैं। मनुष्य की इच्छाएं बढ़ती जाती है, जो इच्छाएं पूरी होती है, तो मनुष्य को नगण्य सी लगती है एवं उसकी यह इच्छाएं और उत्तरोत्तर बढती जाती है। इसलिए मनुष्य को दु:खों से निजात पाने के लिए संतुष्ट होकर अपना जीवन-यापन करना चाहिए। उनके अनुसार एक मानव का दूसरे मानव के साथ व्यवहार मानवता के आधार पर होना चाहिए, न कि जाति, वर्ण, लिंग आदि के आधार पर। भगवान बुद्ध ने इंसान को प्रेम, करूणा और सहिष्णुता के मार्ग पर चलना सिखाया। इस पावन दिवस पर आज जीव एवं प्रकृति प्रेमियों को पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था हेतु अच्छी किस्म के परिन्डे वितरित किए गए।

विधायक भदेल ने यह भी बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पेड़-पौधों की अंधाधुन्ध कटाई के कारण सबसे बडा नुकसान पक्षु-पक्षियों को हुआ है। हम लोगों ने अपना घर तो अच्छा बना लिया परन्तु पक्षियों को उनके घरों से बेघर कर दिया, उन्हें दाना-पानी हेतु भी मोहताज बना दिया। मनुष्य के जीवन के लिए पशु-पक्षी का होना नितान्त आवश्यक है। इनके बिना मनुष्य का जीवन असंभव है।


**आम सूचना**

मेरी दादी श्रीमति केसर देवी पत्नि स्व. रामकरण जाति गूजर निवासी ग्राम भामोलाव की मृत्यु दिनांक 30-5-2012 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम भामोलाव में हो गई थी। जिसकी इन्द्राज ग्राम पंचायत भामोलाव में नहीं करवाया था। अब मेरी दादी श्रीमति केसर देवी गूजर का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अराई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अराई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रार्थी- राकेश पुत्र स्व. नारायण गूजर निवासी बनजारों की ढाणी, ग्राम भामोलाव तहसील अराई ( अजमेर )

**आम सूचना**

मैं मेरी पक्षकारा सुनिता शर्मा धर्मपत्नि स्व. श्री दीपक शर्मा निवासी: E-362, शास्त्री नगर विस्तार, अजमेर के निर्देशानुसार व उसके निमित्त सर्वसाधारण आम व खास को सूचित करता हूं की मेरी पक्षकारा का पुत्र दिपेश शर्मा पुत्र स्व. दीपक शर्मा मेरी पक्षकारा के बिल्कुल कहने सुनने में नहीं है तथा वह अपने परिवार के साथ अलग निवास करता है तथा उसका व्यवहार मेरी पक्षकारा व अन्य परिजन के प्रति उपेक्षापूर्ण व अपमानजनक होने के कारण मेरी पक्षकारा का उनसे कोई किसी प्रकार का लेन-देन नहीं है व उससे कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो स्वयं जिम्मेदार होगा, सो सूचित रहे।

सुनिता शर्मा, निवासी- E-362, शास्त्री नगर विस्तार, अजमेर, मो. 6378873398
नरेश लोकवानी, एडवोकेट, म.नं. 166, शास्त्रीनगर, अजमेर, मो. 9214922501

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/85918 DATE :- 17-05-2024

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर / 2024-25/2152 दिनांक- 23-05-2024

**सार्वजनिक सूचना**

श्री जय किशन सम्भवानी पुत्र स्व. श्री हीरानन्दजी सम्भवानी व श्री अनिल कुमार पुत्र श्री गुरूदास जी निवासी ब्यावर, ने क्षेत्र नं. 6, अक्षय नगर गणेशपुरा खसरा नं. 80 प्लाट नं. 47 क्षेत्रफल 213.88 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में भवरू व नाथू पुत्र श्री धन्ना सरगरा जी के नाम पटटा विलेख जारी है। रजि. बेचान-नामा दिनांक 03.09.1983, 20.10.2006, 07.04.2011, एवं स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी। आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर


## पुष्कर सरोवर की पूजा की

**पुष्कर,** (निसं.)। भीषण गर्मी के बाबजूद हजारो श्रद्धालुओ ने पीपल पूर्णिमा का पुष्कर सरोवर का स्नान पूजा कर परिवार की खुशहाली की कामनाये की।खास बात यह कि 46 डिग्री के तापमान की गर्मी होने के बावजूद हजारो की संख्या में महिला श्रद्धालुओं का रेला सुबह से दोपहर तक देखा गया भीषण गर्मी पर आस्था भारी पड़ रही है।

पुष्कर में वैसाख माह की भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालु पुष्कर तीर्थ स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे थे। शास्त्रों के मुताबिक पीपल पूर्णिमा को स्नान करने का खास महत्व शास्त्रों में बताया गया है इसे मान्यता के चलते भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर पहुंचकर स्नान पूजा एव दान पुण्य कर रहे। पवित्र बैसाख मास की पीपल पूर्णिमा पर भीषण गर्मी के बावजूद तीर्थ गुरु पुष्कर के ब्रह्म सरोवर में स्नान पूजा अर्चना के लिए जनसैलाब उमड़ा नजर आया। गुरुवार को हजारो श्रद्धालुओ ने पुष्कर सरोवर में स्नान व पूजा अर्चना कर पीपल पूर्णिमा का धार्मिक पुन्य कमाया ।धार्मिक मान्यताओ के मुताबिक हिन्दू संस्कृति में बैसाख माह पवित्र माह माना जाता है ।इसके चलते हजारो श्रद्धालु पवित्र तीर्थ स्थल पर स्नान कर दान -पुन्य करते है।

# 'अति-लो प्रेशर पर पेयजल आपूर्ति किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है'

**अजमेर,** (कासं)। शहर कांग्रेस का आरोप है कि बीसलपुर बांध का निर्माण अजमेर की प्यास को बुझाने के लिए किया गया था, लेकिन अब अजमेर की जनता के साथ सरकार सौतेला व्यवहार करते हुए सरकार जयपुर सहित अन्य जिलों को भी पानी सप्लाई करके अजमेर की जनता के सूखे गले पर तलवार चलाने का काम किया जा रहा है। शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने गुरुवार को अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी से मुलाकात कर दो शब्दों में चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था 7 दिनों में नहीं सुधरी तो कांग्रेस जन आंदोलन करने को मजबूर होगी।

शहर कांग्रेस प्रवक्ता मुजफ्फर भारती के अनुसार अजमेर की पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने के संबंध में गुरुवार को जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी से कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में बताया कि विगत काफी समय से अजमेर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा चुकी है। भीषण गर्मी की अवस्था में भी अजमेर शहर में 48 से 96 घंटे के अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। चार दिनों के अंतराल में भी 15 से 20 मिनट की अवधि के लिए अति-लो प्रेशर पर पेयजल आपूर्ति किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

ज्ञापन में बताया कि आज अजमेर प्यासा है, 48 से 96 घंटे में भी पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही हैं। बीसलपुर बांध का निर्माण अजमेर की प्यास को बुझाने के लिए किया गया था, लेकिन अब अजमेर की जनता के साथ सरकार सौतेला व्यवहार करते हुए जयपुर सहित अन्य जिलों को भी पानी सप्लाई कर रही है, लेकिन अब तो हद करते हुए रामगढ़ के सूखे बांध को भरने के लिए अजमेर की जनता के सूखे गले पर तलवार चलाने का काम किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अजमेर के लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व मंत्री किशन मोटवानी के द्वारा लगभग 20 वर्षों तक सड़क से लेकर विधानसभा तक अजमेर की पेयजल समस्या के स्थाई निदान हेतु संघर्ष किए जाने के परिणाम स्वरूप अजमेर के लिए बीसलपुर परियोजना का निर्माण किया गया। किंतु बड़ी चालाकी से अजमेर हेतु निर्मित बीसलपुर परियोजना का पानी जयपुर, टोंक आदि जिलों को सप्लाई किया जाने लगा। अजमेर के भाजपा विधायकों और विभागीय अभियंताओं की पारस्परिक मिली भगत के परिणाम स्वरूप अजमेर के हिस्से का पानी निर्बाध रूप से जयपुर टोंक को सप्लाई किया जाने लगा।

■ **यदि व्यवस्था 7 दिनों में नहीं सुधरी तो कांग्रेस जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे**

अजमेर के कुछ क्षेत्रों में तो 7 से 10 दिन के अंतराल पर पानी की सप्लाई की जा रही है। जिससे अजमेर में पीने के पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है और दैनिक मजदूरी करने वाला श्रमिक वर्ग तो अपनी छुट्टी करके प्रतिदिन पानी की व्यवस्था में लगा हुआ है। सबसे हताश करने वाला तथ्य यह भी है कि मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा हाल ही में बिजली और पानी के निर्बाध सप्लाई हेतु विभाग की अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए हैं। किंतु इसके बावजूद भी अजमेर के अभियंता मुख्यमंत्री की बात भी सुनने को तैयार नहीं है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि या तो जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंता अपने को सरकार के प्रति उत्तरदाई नहीं मानते हैं अथवा मुख्यमंत्री का विभागीय अभियंताओं पर अपना नियंत्रण खो चुके है।

कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने चेतावनी भरे लहजे में अतिरिक्त मुख्य अभियंता से कहा कि जलदाय विभाग प्रशासन और शासन आमजन के धैर्य की परीक्षा नहीं ले। अनेक क्षेत्रों में आज भी 48 से 96 घंटे के अंतराल से पानी की सप्लाई हो रही है। एक तरफ जनता कोरोना महामारी से परेशान है, तो दूसरी ओर पानी की किल्लत से लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। जहां हम लोगों को घरों में ही रहने और बाहर नहीं निकलने की हिदायतें दे रहे हैं, वहीं लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। तीन-चार दिन में एक बार पानी की सप्लाई होती है, इसमें भी अनेक क्षेत्रों में पानी इतनी धीमी गति से आता है कि लोगों की पूर्ति नहीं हो पाती है। इससे दुखी जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसलिए अजमेर की की पेयजल व्यवस्था को सात दिवस की निश्चित अवधि में सुचारू बनाए जाना सुनिश्चित करें अन्यथा कांग्रेस पार्टी के द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती सैयद गुलाम मुस्तफा चिश्ती मुज़फ्फर भारती श्याम प्रजापति महेश चौहान विपिन बेसिल अंकुर त्यागी पवन ओढ़ निर्मल बेरवाल वाहिद मोहम्मद पार्षद मनीष सेठी लक्ष्मी बुन्देल ईश्वर राजोरिया कैलाश कोमल महेंद्र जोधा हरिप्रसाद जाटव शिवराज भड़ाना हरिप्रसाद दिवाकर भोमराज गुर्जर अंकित धारू आदि मौजूद थे।


**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/692 **आम सूचना** दिनांक : 20.5.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भवन निर्माण**

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 32 | उर्मिला देवी पत्नि ओमप्रकाश धोबी | मानवपुरम बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 912 भू.सं. 127 का प्रा.नं. 127-बी व भू.सं. 128 का प्रा.नं. 128-बी | 74.32 SQ.MTR | आवासीय |
| 33 | संजीव कुमार पुत्र कन्हैयालाल कोठारी | सालासर दरबार सिटी बिजयनगर ख.सं. 63/1 भू.सं. 89 का पश्चिमी हिस्सा | 75.24 SQ.MTR | आवासीय |
| 34 | संजीव कुमार पुत्र कन्हैयालाल कोठारी | सालासर दरबार सिटी बिजयनगर ख.सं. 63/1 भू.सं. 89 का पूर्वी हिस्सा | 75.24 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका पुष्कर, जिला अजमेर**

क्रमांक-न.पा.पु / भूमि / 2024 / 250 दिनांक 23.05.2024

**लोक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नंदू लाल पंवार पुत्र श्री शंकर लाल पंवार निवासी वराह मन्दिर गली छोटी बस्ती पुष्कर द्वारा इस कार्यालय में निम्न उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| राजस्व ग्राम, तहसील व जिला | खसरा संख्या | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| राजस्व ग्राम बसेली तह पुष्कर जिला अजमेर | 989/1244 | 8100 | आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा सभी सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह इस लोक सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय समर्थक दस्तावेजों के साथ अपना आपेक्ष दर्ज करा सकते है।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आपेक्ष के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आपेक्ष नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 23.05.2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका पुष्कर


# प्रभारी सचिव अपर्णा अरोड़ा ने ली समीक्षा बैठक

**अजमेर,** (कासं)। जिले की प्रभारी सचिव तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा गुरूवार को अजमेर के दौरे पर रहीं। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। साथ ही विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने विभागीय कार्यों तथा कार्यालयों की प्रगति से अवगत कराया।

प्रभारी सचिव अपर्णा अरोड़ा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आमजन को पानी, बिजली तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसे केन्द्र में रखकर समस्त विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू एवं तापघात की अतिरिक्त उपचार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चिकित्सालयों में गर्मी के मरीजों के लिए पलंग आरक्षित होने चाहिए। तापघात के उपचार के लिए नर्सिंग कर्मियों को भी जागरूक करें। मानसून के दौरान होने वाली मौसमी बिमारियों के उपचार की पूर्व तैयार सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा चिकित्सालयों सहित समस्त सार्वजनिक स्थलों के लिए पर्याप्त जलापूर्ति की जाए। पेयजल को संवेदनशीलता के साथ वितरित किया जाए। पानी जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। इसे गंभीरता से प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएं। विभाग की समर कन्टेन्जेन्सी राशि की भी समीक्षा की गई। पेयजल परिवहन आवश्यकता वाले स्थानों पर तत्काल करें। क्षेत्र में हैडपम्प मरम्मत का कार्य लगातार जारी रखें।

उन्होंने कहा कि बिजली की छीजत को कम करें। गर्मी के कारण बढ़े हुए विद्युत भार के अनुसार विद्युत तंत्रा को अपडेट रखें। झूलते तारों को ग्रेक करने में जिला प्रशासन द्वारा किए गए नवाचार की सराहना की गई। विद्युत विभाग, राजस्व विभाग तथा आमजन के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जिले के समस्त स्थानों पर से झूलते तारों को ग्रेक करने का कार्य किया जा रहा है। विद्युत नियंत्राण कक्ष का कार्य सभी को संतुष्टि प्रदान करने वाला हो।

■ **अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा अजमेर के दौरे पर रहीं। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। साथ ही विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया**

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मानसून से पहले सड़कों के पेचवर्क तथा मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। इससे जनता को सुविधा मिलेगी। डूब क्षेत्र में पानी भराव की समस्या के निस्तारण के लिए प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर रखें। कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए पर्याप्त तथा उच्च गुणवत्ता के कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बुवाई के समय पर्याप्त बीज तथा खाद उपलब्ध रखें। स्थानीय प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े भवनों पर रेन वाटर हार्वेसिंग संरचना लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि वन विभाग को वन क्षेत्रा के बाहर पौधारोपण करने के लिए अन्य विभागों के साथ कन्वर्जेन्स करना चाहिए। राजकीय भूमि में अधिकतम पौधारोपण करें। हरित राजस्थान की अवधारणा में अजमेर जिले का सर्वाधिक योगदान रहना चाहिए। जिला परिषद द्वारा नरेगा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण किया जाए। चारागाहों का पौधारोपण के लिए चिन्हीकरण करें। विभिन्न पौधारोपण स्थलों की तैयारी पूर्व में कर लें। गड्ढे तथा सुरक्षा का कार्य पहले करें। वन महोत्सव के लिए स्थान का चयन कर व्यवस्थाएं करनी आरम्भ कर दें। फलदार तथा बड़े पेड़ों को अधिक तैयार किया जाए। सड़कों के समानान्तर पौधारोपण नरेगा से करवाया जाए। वन क्षेत्रा में अतिक्रमण रोकें। पूर्व के विकसित पौधारोपण स्थलों की सुरक्षा के लिए ग्राम पंचायत को सुपुर्द किया जाए। नगर वन योजना से शहरी क्षेत्रा के निकटवर्ती भागों को लाभान्वित करें।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना, मुख्य वन संरक्षक शारदा प्रताप सिंह, प्रशिक्षु आईएएस महिमा कसाना, प्रशिक्षु आईएफएस वैंकटेश, अतिरिक्त जिला कलैक्टर लोकश कुमार गौतम, गजेन्द्र सिंह राग्रैड़ एवं ज्योति ककवानी तथा उप वन संरक्षक सुगना राम जाट उपस्थित रहें।

प्रभारी सचिव अपर्णा अरोड़ा ने अजमेर प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया। उनके साथ जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित भी थी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं तथा कार्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। सामान्य शाखा, विकास शाखा, न्याय शाखा, संस्थापन शाखा, आरटीआई शाखा, राजस्व शाखा, भू-रिकॉर्ड शाखा, कोषालय, जिला अभिलेखालय, उपखण्ड अधिकारी कार्यालय तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया।


**कार्यालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश, अजमेर (राजस्थान)**

E-mail Address: dc-ajm-rj@nic.in Tel. No- 0145-2627556

क्रमांक- 15183 दिनांक-22/5/2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for Stationary Items For Office of District & Session Court, Ajmer are invited from interested bidder's upto 12:00 P.M. Date 03-06-2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/) state; and https://districts.ecourts.gov.in/ajmer Departmental website.
NIB No. DDA2425A0001

अध्यक्ष ( स्टेशनरी क्रय समिति )
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
संख्या - 5 अजमेर

